मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-549
06/12/2022

# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को शत्–शत् नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की गई

पटना, 06 दिसम्बर 2022 :– भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के निकट बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जल संसाधन सह सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, पंचायती राज मंत्री श्री मुरारी प्रसाद गौतम, विधि मंत्री श्री शमीम अहमद, श्रम संसाधन मंत्री श्री सुरेन्द्र राम, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री विद्यानंद विकल, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने भजन–कीर्तन, बिहार गीत के साथ बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की जीवनी पर आधारित गीतों का गायन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के निर्माण में बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर जी की महत्वपूर्ण भूमिका थी। समाज का हर तबका उनको याद करता है। हमलोग बचपन से ही उनके बारे में सारी बातों को जानते रहे हैं। उनके प्रति हमारी पूरी श्रद्धा है। उन्होंने संविधान का बेहतर ढंग से निर्माण किया। समाज के हर तबके के उत्थान की बात की। गरीब तबके के लोगों को उन्होंने पढ़ने का अवसर दिलाया। उनके द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा इतिहास में है।

कटिहार जाने को लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कटिहार जा रहे हैं, वहां पहुँचकर एक–एक चीज को देखेंगे। विधायकों एवं अन्य लोगों ने गंगा नदी के किनारे हो रहे कटाव की हमें जानकारी दी थी। उसी को जाकर देखेंगे की स्थिति क्या है। कटाव की सुरक्षा के लिए सभी इंतजाम किए जाएंगे। हवाई मार्ग से कटिहार जाने के क्रम में रास्ते में देखेंगे कि कहीं और कोई दिक्कत तो नहीं है।

श्री लालू प्रसाद यादव के स्वास्थ्य को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कल उनके ऑपरेशन के बाद हमने फोन करके उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। उनका स्वास्थ्य अच्छा है यह बहुत खुशी की बात है। वहां के डॉक्टरों ने भी कहा है कि श्री लालू प्रसाद जी का स्वास्थ्य अच्छा है। श्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं अन्य लोगों से भी हमारी बात हुई है।

विधानसभा चुनाव परिणामों को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता मालिक है।

******